रोजगारपरक सेक्टर के निर्यात में होने लगी बढ़ोतरी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: एक बार फिर से रोजगारपरक सेक्टर के निर्यात में बढ़ोतरी शुरू हो गई है और यह रोजगार सृजन के लिए अच्छी खबर है। रोजगारपरक सेक्टर की मदद से मई महीने में वस्तुओं के कुल निर्यात में पिछले साल मई के मुकाबले 9.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं इस अवधि में वस्तुओं के आयात में 7.71 प्रतिशत का इजाफा रहा। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लगातार दूसरे महीने वस्तु निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक मई में 38.1 अरब डालर का निर्यात किया गया, जबकि आयात 61.9 अरब डालर का रहा। इस प्रकार मई में व्यापार घाटा 23.8 अरब डालर से अधिक का रहा।

मई में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग गुड्स, इलेक्ट्रानिक्स गुड्स, रेडिमेंड गारमेंट्स, हैंडीक्राफ्ट्स, फार्मा, केमिकल जैसे रोजगारपरक सेक्टर के निर्यात में बढ़ोतरी के साथ चाय, काफी, फल-सब्जी के निर्यात में भी इजाफा हुआ। मई महीने में सेवा निर्यात में 15 प्रतिशत का इजाफा रहा। मई में सेवा निर्यात 30.16 अरब डालर तो सेवा आयात सिर्फ 17.28 अरब डालर का रहा। सेवा निर्यात में व्यापार घाटे की जगह व्यापार बढ़ोतरी से वस्तु निर्यात में होने वाले व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बताया कि अमेरिका, यूरोप, यूके, पश्चिम एशिया जैसे देशों से निर्यात आर्डर की बुकिंग में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

- मई में देश का वस्तु निर्यात 9.10 प्रतिशत बढ़कर 38.1 अरब डालर के स्तर पर पहुंचा
- 61.9 अरब डालर रहा कुल वस्तु आयात, व्यापार घाटा 23.8 अरब डालर से अधिक

मई में प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में बढ़ोतरी, प्रतिशत में



स्रोत: वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय

> आने वाले महीनों में भी निर्यात में सकारात्मक बढ़ोतरी का रुख जारी रहेगा क्योंकि अधिकतर विकसित देशों में महंगाई कम हुई है और उन देशों से मांग निकल रही है। विश्व व्यापार संगठन ने भी इस साल वैश्विक व्यापार में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है।
>
> -**सुनील बर्थवाल**, वाणिज्य सचिव

बढ़ती कीमतों से दाल के आयात में मई में 181 प्रतिशत की वृद्धि: दाल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए इन दिनों दाल का जमकर आयात किया जा रहा है। इस वजह से मई में दाल के आयात में पिछले साल मई के मुकाबले 181.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने में दाल के आयात में 176.53 प्रतिशत का इजाफा देखा गया। दूसरी तरफ खाद्य तेल के आयात में भी मई माह में 27.46 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। मई में दाल का आयात 37 करोड़ डालर रहा। दाल आयात में इतनी बढ़ोतरी के बावजूद दाल की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही है।

वहीं, मई में भारत का कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात 4.97 प्रतिशत घटकर 20,713.37 करोड़ रुपये रह गया। मई 2023 के दौरान इनका निर्यात 21,795.65 करोड़ रुपये रहा था।